# रणजीत टाइम्स

इंदौर
सोमवार , 9 मार्च , 2026
वर्ष 02 | अंक 63 कुल पृष्ठ : 8 | Digital
RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे


# ये चन्दन की भूमि है, वंदन की भूमि है

## सूर्य कुमार यादव ने सर से किया नमन देश की मिट्टी को





## भारत बना विश्व विजेता

**2026**

**आदित्य शर्मा**

इंदौर। भारतीय क्रिकेट इतिहास में आज का दिन स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 2026 ICC Men's T20 World Cup का खिताब अपने नाम कर लिया और पूरे विश्व को यह संदेश दे दिया कि क्रिकेट की असली ताकत भारत है। यह जीत केवल एक मैच की जीत नहीं बल्कि करोड़ों भारतीयों के विश्वास, मेहनत और जुनून की जीत है। पूरे टूर्नामेंट के दौरान भारतीय टीम का प्रदर्शन शानदार रहा। ग्रुप स्टेज से लेकर नॉकआउट मुकाबलों तक टीम इंडिया ने हर मैच में आत्मविश्वास के साथ खेल दिखाया। बल्लेबाज़ों ने आक्रामक अंदाज में रन बनाए, गेंदबाज़ों ने विपक्षी टीमों को दबाव में रखा और फील्डिंग में भी खिलाड़ियों ने अद्भुत प्रदर्शन किया। यही संतुलित खेल भारत को विश्व विजेता बनाने का सबसे बड़ा कारण बना।

टूर्नामेंट के शुरुआती मैचों में भारतीय टीम ने अपने प्रतिद्वंद्वियों पर पूरी तरह दबदबा बनाए रखा। बल्लेबाज़ों ने तेज शुरुआत दी और गेंदबाज़ों ने विपक्षी टीमों को बड़ा स्कोर बनाने का मौका नहीं दिया। हर मैच के साथ भारतीय टीम का आत्मविश्वास बढ़ता गया और टीम ने सेमीफाइनल तक का सफर शानदार जीतों के साथ तय किया। सेमीफाइनल मुकाबले में भी भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन किया और विपक्षी टीम को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। उस मैच में भी भारतीय बल्लेबाज़ों और गेंदबाज़ों ने शानदार खेल दिखाया और यह साबित कर दिया कि टीम इंडिया इस टूर्नामेंट की सबसे मजबूत टीम है। फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम ने एक बार फिर अपने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। शुरुआत में ही भारतीय बल्लेबाज़ों ने तेज़ रन बनाकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। ओपनिंग जोड़ी ने आक्रामक अंदाज़ में रन बनाकर विपक्षी टीम पर दबाव बना दिया। इसके बाद मध्यक्रम के बल्लेबाज़ों ने भी जिम्मेदारी निभाई और टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। इस मैच में Sanju Samson ने शानदार बल्लेबाज़ी करते हुए टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। उनकी पारी ने भारतीय टीम की जीत की नींव रखी। वहीं *Abhishek Sharma ने तेज़ शुरुआत देकर टीम को मजबूती दी। मध्यक्रम में Ishan Kishan और ShivamDube ने आक्रामक बल्लेबाज़ी करते हुए टीम के स्कोर को और ऊंचाई तक पहुंचाया।

जब गेंदबाज़ी की बारी आई तो भारतीय गेंदबाज़ों ने भी कमाल का प्रदर्शन किया। तेज़ गेंदबाज Jasprit Bumrah ने शानदार गेंदबाज़ी करते हुए विपक्षी बल्लेबाज़ों को संभलने का मौका नहीं दिया। उनकी सटीक गेंदबाज़ी और महत्वपूर्ण विकेटों ने मैच का रुख भारत की ओर मोड़ दिया। स्पिन विभाग में Axar Patel ने भी शानदार गेंदबाज़ी करते हुए महत्वपूर्ण विकेट लिए और विपक्षी टीम की उम्मीदों को खत्म कर दिया। भारतीय खिलाड़ियों की शानदार फील्डिंग ने भी इस मैच में अहम भूमिका निभाई। कई शानदार कैच और रन आउट ने विपक्षी टीम को दबाव में डाल दिया। भारतीय टीम का यह सामूहिक प्रदर्शन ही इस ऐतिहासिक जीत की सबसे बड़ी ताकत बना। मैच जीतने के बाद मैदान पर एक ऐसा भावुक दृश्य देखने को मिला जिसने पूरे देश का दिल जीत लिया। भारतीय टीम के कप्तान Suryakumar Yadav पिच के बीच पहुंचे, उन्होंने झुककर उस मिट्टी को अपने हाथों से उठाया और उसे अपने सिर पर लगाया। यह केवल एक खिलाड़ी की खुशी नहीं थी, बल्कि उस पवित्र धरती के प्रति सम्मान था जिसने भारत को यह गौरव दिलाया। मानो उस पल पूरी दुनिया को यह संदेश दिया जा रहा था कि यह मैदान केवल खेल का स्थान नहीं बल्कि भारत की पवित्र भूमि है — चन्दन की भूमि, वंदन की भूमि।

भारत की इस ऐतिहासिक जीत के साथ ही पूरे देश में जश्न का माहौल बन गया। शहरों से लेकर गांवों तक तिरंगा लहराने लगा। सड़कों पर ढोल-नगाड़ों की आवाज गूंजने लगी और लोग खुशी से झूम उठे। सोशल मीडिया पर भी भारतीय टीम की जीत की चर्चा हर जगह दिखाई देने लगी। यह जीत आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनेगी। यह बताती है कि जब मेहनत, आत्मविश्वास और देश के लिए खेलने का जज़्बा एक साथ मिल जाता है, तब असंभव भी संभव हो जाता है।

### फाइनल मैच का स्कोर

**भारत – 255/5 (20 ओवर)**

- Sanju Samson-89
- Abhishek Sharma-52
- Ishan Kishan-54
- Shivam Dube-30

**न्यूज़ीलैंड-159 ऑल आउट**

**गेंदबाज़ी**

- Jasprit Bumrah-4 विकेट
- Axar Patel-3 विकेट

**भारत 96 रन से विजेता**



**कैलाश विजयवर्गीय का तंज**

# आजकल चार लोग पीछे आ जाएं तो कॉलर खड़ी हो जाती है , संत नागर की सादगी पर

**इंदौर (नप्र)।** कथावाचक संत कमल किशोर नागर की कथा के दौरान प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय भी पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने मंच से संत कमल किशोर नागर की प्रशंसा करते हुए कहा कि मालवा की धरती सच में धन्य है, जहां इतने बड़े संत निवास करते हैं। उन्होंने कहा कि संत कमल किशोर नागर ने अपनी ओजस्वी वाणी से न केवल मालवा बल्कि पूरे देश में धर्म जागरण का कार्य किया है।

**मालवा में रहना सौभाग्य की बात-** मंच से संबोधित करते हुए मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि हम सभी का यह बड़ा सौभाग्य है कि हम मालवा में रहते हैं और यहां ऐसे संत का सान्निध्य मिलता है, जिन्होंने अपने प्रवचनों के माध्यम से समाज में धर्म के प्रति जागरूकता बढ़ाई है। उन्होंने कहा कि संत कमल किशोर नागर ने सिर्फ अपने शब्दों से ही नहीं बल्कि अपने कार्यों से भी समाज को प्रेरित किया है। उन्होंने मध्य प्रदेश के अलग-अलग स्थानों पर गोशालाओं की स्थापना कर गौ-सेवा का एक उदाहरण प्रस्तुत किया है।

**संत कमल किशोर में आज भी विनम्रता-** विजयवर्गीय ने कहा कि यह मालवा वासियों के लिए



गर्व की बात है कि इतने बड़े संत होने के बावजूद संत कमल किशोर नागर में आज भी वही विनम्रता है जो कई साल पहले देखने को मिली थी। उन्होंने अपने पुराने अनुभव को साझा करते हुए कहा कि करीब 25 साल पहले सांवेर में उन्होंने पहली बार संत कमल किशोर नागर की कथा सुनी थी और उस समय जो सादगी और विनम्रता उनके व्यक्तित्व में थी वही आज भी दिखाई देती है। नहीं तो जरा सी कथा चालू करी और चार लोग आने लग गए तो कॉलर खड़ी हो जाती है । उन्होंने कहा कि विनम्रता तभी आती है जब ईश्वर की विशेष कृपा होती है और जो व्यक्ति ईश्वर से साक्षात्कार कर लेता है उसका जीवन सफल हो जाता है।

# सुर्खियों से सरोकार, बेअसर सरकार,भाजपा राज में ग्रामीण विकास हुआ बदहाल: जीतू पटवारी

**भोपाल।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा है कि मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार ने प्रदेश के कृषि और ग्रामीण विकास विभाग को पूरी तरह गर्त में पहुँचा दिया है। सरकार केवल सुर्खियाँ बटोरने में व्यस्त है, जबकि जमीनी स्तर पर ग्रामीण विकास की योजनाएँ दम तोड़ रही हैं।

श्री पटवारी ने आगे कहा है कि प्रदेश की भाजपा सरकार बजट के प्रबंधन और नियोजन को लेकर बेहद लापरवाह साबित हो रही है। स्थिति इतनी चिंताजनक है कि केंद्र सरकार द्वारा संचालित और पोषित योजनाओं के लिए जो बजट आवंटित किया जाता है, उसे भी राज्य सरकार पूरा खर्च नहीं कर पा रही है।

श्री पटवारी ने कहा कि भाजपा सरकार की यह विफलता केवल प्रशासनिक कमजोरी नहीं, बल्कि प्रदेश के ग्रामीण विकास के प्रति सरकार की उदासीनता को भी दर्शाती है। यदि केंद्र और राज्य दोनों के सहयोग से चलने वाली योजनाओं का बजट भी समय पर खर्च नहीं हो पा रहा है, तो यह स्पष्ट है कि सरकार के पास न तो स्पष्ट योजना है और न ही प्रभावी क्रियान्वयन की इच्छाशक्ति।

श्री पटवारी ने कहा कि कांग्रेस द्वारा लगातार विभागों की वास्तविक स्थिति उजागर की जा रही है। कल कृषि विभाग की बदहाली का खुलासा किया गया था और आज ग्रामीण विकास विभाग की वास्तविक तस्वीर सामने लाई जा रही है, जो अत्यंत चिंताजनक है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने वर्ष 2025-26 में ग्रामीण विकास के लिए 27,745.18 करोड़ का बजट निर्धारित किया था, लेकिन 7 मार्च 2026 तक मात्र 11,457.66 करोड़ ही खर्च किए गए हैं। अर्थात कुल बजट का केवल 41.30 प्रतिशत ही उपयोग किया जा सका है। इससे स्पष्ट है कि सरकार की प्राथमिकता ग्रामीण विकास नहीं, बल्कि केवल घोषणाएँ और प्रचार है।

श्री पटवारी ने कहा कि ग्रामीण विकास की महत्वपूर्ण योजनाओं में भी बेहद कम राशि खर्च की गई है, जो सरकार की गंभीर लापरवाही को दर्शाता है। सरकार की लापरवाही, आर्थिक कुप्रबंधन और बढ़ते भ्रष्टाचार के कारण विकास की योजनाएँ धरातल पर आने से पहले ही चकनाचूर हो जाती हैं और आम जनता को उनका लाभ नहीं मिल पाता।

# मां की साड़ी का फंदा बनाकर युवक ने की आत्महत्या

**सुसाइड नोट में प्रेमिका पर धोखा देने का आरोप, रेप केस की धमकी देती थी**

**भोपाल (नप्र)।** भोपाल में एक युवक ने मां की साड़ी का फंदा बनाकर सुसाइड कर लिया। मां ने बेटे का शव रेलिंग पर लटका देखा और तुरंत पड़ोसियों को बुलाया। घटना स्थल पर एक सुसाइड नोट मिला, जिसमें उसने अपनी मुस्लिम प्रेमिका को आत्महत्या के लिए जिम्मेदार बताया है।



मामला अशोका गार्डन क्षेत्र के सेठी नगर में शनिवार सुबह का है। मृतक की पहचान दीपक गुर्जर (24) के रूप में हुई। सुसाइड नोट में उसने प्रेमिका द्वारा धोखा देने, रेप केस में फंसाने और खुदकुशी के लिए उकसाने का जिक्र किया है।पुलिस ने सुसाइड नोट जब्त कर हैंडराइटिंग जांच के लिए भेजा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

युवक ने लिखा- शादी का वादा था, इनकार कर दिया

युवक ने सुसाइड नोट में लिखा- मैं दीपक गुर्जर, अशोका गार्डन का निवासी, अपने फैसलों के लिए अपनी प्रेमिका को जिम्मेदार मानता हूं। माही मेरे साथ कई सालों से रिलेशन में है। हमने शादी का वादा किया था, लेकिन अब यह मुझे गुमराह कर रही है, दूसरे लड़के के साथ घूमती है और उससे बात करती है। जब मैं कुछ कहता हूं तो धमकाती है कि जेल भेज दूंगी और रेप का केस लगवा दूंगी। उसने दो दिन पहले मेरा मोबाइल भी तोड़ दिया। हमारी शादी का वादा था, लेकिन उसने इनकार कर दिया। वह कहती है कि तुम मर भी जाओ तो मेरा कुछ नहीं होगा। मैं बच जाऊंगी। मेरी आत्महत्या की वजह वह और उसका एक दोस्त हैं।

दीपक फेब्रिकेशन का काम करता था और मां-पिता का इकलौता बेटा था। उसके बड़े बहन की शादी हो चुकी है। शव की तलाशी में उसकी पेंट की जेब में एक पर्स मिला, जिसमें डायरी के पेज पर सुसाइड नोट लिखा था। युवक और प्रेमिका का लगभग 6-7 साल पुराना रिश्ता था।

# पानी की लाइन में मृत केचुआ... कमिश्नर से शिकायत

**भोपाल के मॉडल ग्राउंड का मामला, लोग बोले- इंदौर जैसा हादसे की संभावना**

**भोपाल (नप्र)।** इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से 34 से ज्यादा जानें जा चुकी हैं। इसके बाद पूरे प्रदेश में पानी को लेकर सरकार से लेकर अफसर तक अलर्ट हुए हैं, लेकिन भोपाल में अब तक हालात नहीं सुधरे हैं। कहीं गंदा पानी आ रहा है तो कहीं टंकी की सफाई नहीं हुई तो कहीं सीवेज से ही पाइप लाइन गुजर रही है। ऐसे में यहां भी इंदौर जैसे हादसे की संभावना है। ताजा मामला शहर के वार्ड नंबर-9 मॉडल ग्राउंड क्षेत्र में सामने आया है। आईआईएमआईएम (ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन) ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है। पार्टी के मोहसिन खान ने बताया कि रमजान महीने के दौरान पुराने भोपाल में खराब स्वच्छता, खुले नालों और सीवेज से संबंधित स्वास्थ्य खतरों को लेकर जिम्मेदार अलर्ट नहीं हैं। इसके अलावा पेयजल आपूर्ति पाइप लाइनों में रिसाव और छेद से पानी के दूषित होने का गंभीर खतरा बढ़ गया है। उन्होंने बताया, पेयजल टंकी से आसपास के कई इलाकों में पेयजल की सप्लाई होती है।

**महंगी किताबें और मनमानी फीस**

# भड़के अभिभावकों ने भोपाल डीईओ दफ्तर घेरा

**दी सड़क पर उतरने की चेतावनी**

**भोपाल (नप्र)।** निजी स्कूलों द्वारा नियमों को ताक पर रखकर वसूली जा रही मनमानी फीस और महंगी किताबों के खिलाफ शुक्रवार को राजधानी भोपाल में जबरदस्त विरोध प्रदर्शन हुआ। मध्य प्रदेश पेरेंट्स एसोसिएशन के बैनर तले बड़ी संख्या में अभिभावकों ने जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) कार्यालय का घेराव किया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि स्कूल शिक्षा विभाग की चुप्पी के कारण निजी स्कूल संचालक बेखौफ होकर अभिभावकों की जेब काट रहे हैं।

**डीईओ पर मिलीभगत का आरोप-** अभिभावकों ने डीईओ को सौंपे गए ज्ञापन में कड़े शब्दों में कहा कि मध्य प्रदेश निजी स्कूल फीस नियम 2020 का खुलेआम उल्लंघन हो रहा है। नियमों के मुताबिक, स्कूलों को शैक्षणिक सत्र शुरू होने से 90-180 दिन पहले (31 दिसंबर 2025 तक) अपनी फीस, ऑडिटेड अकाउंट और अन्य वित्तीय जानकारियां सरकारी पोर्टल पर अपलोड करनी थीं। लेकिन अधिकांश स्कूलों ने इसे नजरअंदाज किया है, जिससे न केवल सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है, बल्कि माता-पिता भी अंधेरे में हैं।




**क्या हैं मुख्य शिकायतें?**

अभिभावकों ने मुख्य रूप से पांच मुद्दों पर प्रशासन को घेरा है। जिनमें महंगी किताबें , यूनिफॉर्म का सिंडिकेट, फीस में मनमानी वृद्धि, ट्रांसपोर्ट चार्ज और बस्ते का बोझ शामिल हैं।

देवेंद्र तिवारी, अध्यक्ष (भोपाल इकाई), मध्य प्रदेश पेरेंट्स एसोसिएशन ने कहा ज्यादातर स्कूलों ने सालों से फीस का ब्यौरा सार्वजनिक नहीं किया है। प्रशासन कार्रवाई करने के बजाय उन्हें समय सीमा बढ़ाने की छूट दे रहा है, जो स्वीकार्य नहीं है। हमारे पास सबूत हैं, फिर भी कोई एक्शन नहीं लिया गया।

**क्या बोले जिम्मेदार?**

जब इस पूरे मामले पर जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) एन.के. अहिरवार से बात की गई, तो उन्होंने संक्षिप्त प्रतिक्रिया देते हुए कहा, अभिभावकों की मांगों और उनके ज्ञापन को उच्च अधिकारियों को भेज दिया गया है।

आगे का निर्णय वरिष्ठ स्तर पर लिया जाएगा। हालांकि, इस जवाब से संतुष्ट होने के बजाय अभिभावकों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही कलेक्टर या जिला फीस समिति ने सख्त निर्देश जारी नहीं किए, तो वे सड़कों पर उतरकर उग्र प्रदर्शन करेंगे।

**क्यों बढ़ी तल्खी?**

मध्य प्रदेश में राइट टू एजुकेशन एक्ट 2009 और हाई कोर्ट के स्पष्ट आदेशों के बावजूद, हर साल सत्र शुरू होने से पहले किताबों और यूनिफॉर्म के नाम पर सिंडिकेट सक्रिय हो जाता है। नियम कहते हैं कि स्कूल को कम से कम 3 साल तक एक ही किताब चलानी चाहिए, लेकिन कमीशन के चक्कर में हर साल पब्लिशर बदल दिए जाते हैं, जिसका सीधा आर्थिक बोझ मध्यमवर्गीय परिवारों पर पड़ता है।

# संकट में फंसा ईरान तो भारत ने की मदद

## युद्ध के बीच ईरानी युद्धपोत को कोच्चि में दी शरण

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मिडिल ईस्ट में अमेरिका और ईरान के बीच जारी संघर्ष अब भारत के समुद्री पड़ोस तक पहुंच गया है। श्रीलंका के तट के



पास एक अमेरिकी पनडुब्बी द्वारा ईरानी युद्धपोत को डुबोए जाने के ठीक दो दिन बाद, भारत ने ईरान के एक दूसरे युद्धपोत 'आईरिस लावन' को कोच्चि बंदरगाह पर रुकने की अनुमति दे दी है। इस कदम को भारत द्वारा अमेरिका और ईरान के बीच एक बेहद जटिल बैलेंसिंग एक्ट के रूप में देखा जा रहा है। तनाव की शुरुआत बुधवार को हुई, जब श्रीलंका के तट से लगभग 19 समुद्री मील दूर एक अमेरिकी पनडुब्बी ने ईरानी फ्रिगेट आईरिस डेना पर टॉरपीडो से हमला कर उसे डुबो दिया। इस भीषण हमले में 87 ईरानी नाविकों की मौत हो गई। इस घटना ने पूरे हिंद महासागर क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर चिंता पैदा कर दी है।

# पड़ोसी देशों पर अब हमले नहीं करेगा ईरान

- राष्ट्रपति पेजेशकियन ने किया वादा, मांगी भी माफी

**तेहरान (एजेंसी)।** ईरानी राष्ट्रपति पेजेशकियन ने कहा है कि सैन्य बलों को एक आदेश दिया गया है। अब से, पड़ोसी देशों पर तब तक हमला न करें जब तक कि उन पर पहले हमला न हो। जो लोग इस मौके का फायदा उठाकर ईरान पर हमला करने की सोच रहे हैं, उन्हें साम्राज्यवाद की कठपुतली नहीं बनना चाहिए। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने पड़ोसी देशों से माफी मांगते हुए कहा है कि अब ईरान उन देशों पर हमला नहीं करेगा। पेजेशकियन ने ईरान के सरकारी टेलीविजन पर प्रसारित एक वीडियो संदेश में कहा,मुझे लगता है कि उन पड़ोसी देशों से माफी मांगना जरूरी है जिन पर हमला हुआ है। हमारा पड़ोसी देशों पर हमले का कोई इरादा नहीं है।





## सऊदी अरब ने दी थी ईरान को चेतावनी

इससे पहले, सऊदी अरब के रक्षा मंत्री प्रिंस खालिद बिन सलमान ने देश के सैन्य ठिकानों और तेल केंद्रों पर हुए सिलसिलेवार मिसाइल और ड्रोन हमलों के बाद ईरान को गलतफहमी और गलत आंकलन से बचने की कड़ी चेतावनी दी थी। सऊदी रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को बयान जारी कर बताया कि अमेरिकी सैन्य कर्मियों की मौजूदगी वाले एक एयर बेस और एक प्रमुख तेल क्षेत्र को निशाना बनाकर किये गये हमलों को सफलतापूर्वक नाकाम कर दिया गया है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, राजधानी रियाद के दक्षिण-पूर्व स्थित प्रिंस सुल्तान एयर बेस की ओर दागी गयी एक बैलिस्टिक मिसाइल को बीच में ही रोककर नष्ट कर दिया गया। सऊदी प्रेस एजेंसी ने मंत्रालय के प्रवक्ता के हवाले से पुष्टि की है कि इसी एयर बेस पर एक और मिसाइल हमला हुआ, जिसे भी विफल कर दिया गया।

# 'यात्रा' से पॉलिटिकल करियर की शुरुआत करेंगे निशांत

- पिता नीतिश की तरह ही बनाया प्लान, ब्लू प्रिंट भी तैयार

**पटना (एजेंसी)।** सीएम नीतिश कुमार के नेतृत्व में शुक्रवार को जेडीयू विधानमंडल दल की बड़ी बैठक हुई। इस बैठक में केंद्रीय मंत्री ललन सिंह और जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा भी मौजूद थे। सूत्र ने बताया कि निशांत कुमार को जदयू में लाने की बात पर सीएम नीतिश ने एकदम चुप्पी नहीं साधी। इसके बाद ललन सिंह और संजय झा ने मोर्चा संभाला और जो कहा वो आपको हम ज्यों का त्यों बता रहे हैं। उन्होंने कहा कि निशांत से हमारी बात हो गई है। उन्होंने पार्टी में शामिल होने को लेकर अपनी सहमति दे दी है। निशांत बिहार की यात्रा पर निकलेंगे। वह अपने पिता की तरह यात्रा शुरू करेंगे।



# राज्यसभा चुनाव में विपक्ष का समीकरण बिगाड़ेगी भाजपा

## बनाया बड़ा प्लान,कांग्रेस को फिर लग सकता है तगड़ा झटका

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राज्यसभा की दस राज्यों की 37 सीटों में केवल तीन राज्यों की 11 सीटों के लिए ही मतदान होगा। इनमें बिहार की पांच, ओडिशा की चार एवं हरियाणा की दो सीट शामिल हैं। अन्य राज्यों में निर्विरोध निर्वाचन लगभग तय है। इस बीच भाजपा ने ओडिशा में बीजू जनता दल और हरियाणा में कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। वहीं, बिहार में राजद और एनडीए में एक सीट के लिए कड़ा मुकाबला हो सकता है। ओडिशा में भाजपा दो और बीजद एक सीट जीत सकती है, लेकिन चौथी सीट पर भाजपा समर्थित निर्दलीय दिलीप राय और बीजद के दत्तेश्वर होता में सीधा मुकाबला है। जीत के लिए 30 वोट चाहिए। भाजपा के पास अपने 79 और तीन निर्दलीय का समर्थन है। यानी तीसरे प्रत्याशी के लिए 22 वोट बचे हैं। ऐसे में दिलीप रे के लिए आठ वोट और चाहिए। वहीं बीजद के 48 विधायक हैं उसे दूसरी सीट के लिए 12 वोट चाहिए। कांग्रेस के 14 और माकपा के एक विधायक का समर्थन ही उसे जिता सकता है।



# संकट में भारत को मिला ऑस्ट्रेलिया और कनाडा का साथ

- भारत में अतिरिक्त गैस सप्लाई के लिए बढ़ा दिया अपना हाथ

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ईरान पर इजरायल और अमेरिका के हमले के बाद मिडिल ईस्ट में तनाव बढ़ गया है। इससे भारत समेत कई देशों को क्रूड ऑयल और गैस की दिक्कत हो सकती है। हॉर्मुज जलडमरूमध्य से आपूर्ति बाधित होने की आशंका के बीच भारत अपनी ऊर्जा सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए नए विकल्प तलाश रहा है। सरकारी सूत्रों के अनुसार ऑस्ट्रेलिया, कनाडा समेत कई देशों ने भारत को अतिरिक्त गैस सप्लाई की



पेशकश की है। सूत्रों ने कहा मिडिल ईस्ट में तनाव के कारण भारत की कच्चे तेल की आपूर्ति अब किसी एक समुद्री मार्ग पर निर्भर नहीं है। एक ही समुद्री मार्ग पर निर्भरता के दिन अब लद चुके हैं। भारत जितना तेल आयात करता है, उसका करीब आधा हिस्सा हॉर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है। बाकी का क्रूड ऑयल अन्य मार्गों से आता है, जो अभी प्रभावित नहीं हैं।

**अमेरिका और यूएई के साथ नए समझौते-** भारत ने हाल ही में अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) जैसे साझेदार देशों के साथ भी नई ऊर्जा आपूर्ति व्यवस्थाएं की हैं। इसका मकसद है कि लंबी अवधि के लिए स्थिर सप्लाई सुनिश्चित हो सके। पिछले दस वर्षों में भारत ने अपनी तेल आपूर्ति के स्रोत 27 देशों से बढ़ाकर 40 देशों तक कर दिए हैं, जो छह महाद्वीपों में फैले हुए हैं। वैश्विक संकट के कारण पिछले कुछ दिनों में क्रूड ऑयल की कीमत करीब 15 फीसदी बढ़ गई है।

# एमपी में तेज गर्मी, मार्च-अप्रैल में हीटवेव की आशंका

## प्रदेश के अधिकांश हिस्सों का होगा बुरा हाल,आ गई रिपोर्ट

**भोपाल।** मौसम विभाग के अनुसार उत्तर-पश्चिम भारत और उससे लगे मध्य भारत में अधिकतम तापमान सामान्य से 3 से 5 डिग्री सेल्सियस अधिक रहने की संभावना है। अगले कुछ दिनों में एमपी के कई हिस्सों में अधिकतम तापमान 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है, जिससे दिन के समय गर्मी बढ़ने लगेगी। पिछले दिनों भी मध्यप्रदेश सहित मध्य भारत के कई हिस्सों में तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया गया है। इससे संकेत मिल रहे हैं कि इस वर्ष गर्मी का मौसम अपेक्षाकृत जल्दी सक्रिय हो सकता है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार देश में इस वर्ष शीतकालीन वर्षा सामान्य से काफी कम रही है। मध्य भारत क्षेत्र में भी वर्षा सामान्य से काफी कम दर्ज की गई है। वर्षा की कमी के कारण भूमि में नमी घटने लगती है, जिससे तापमान बढ़ने की प्रवृत्ति तेज हो सकती है। आईएमडी के अनुसार प्रदेश के मालवा, निमाड़, बुंदेलखंड और ग्वालियर-चंबल क्षेत्रों में मार्च के दूसरे पखवाड़े में तापमान तेजी से बढ़ने की संभावना है। इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, सागर, खंडवा, खरगोन और बुरहानपुर जैसे जिलों में दिन का तापमान 35 से 38 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।



**हीटवेव की संभावना ज्यादा बढ़ गई-** यदि मार्च के अंत तक शुष्क मौसम बना रहता है और पश्चिमी विक्षोभों की सक्रियता कम रहती है, तो अप्रैल में प्रदेश के कुछ हिस्सों में लू (हीटवेव) की स्थिति बनने की संभावना भी जताई जा रही है। विशेष रूप से मालवा-निमाड़ और बुंदेलखंड क्षेत्र में लू का प्रभाव अपेक्षाकृत अधिक हो सकता है। मध्यप्रदेश के मौसम में हल्का बदलाव देखने को मिल रहा है।

- **मालवा और ग्वालियर-चंबल में बढ़ेगी गर्मी-** इंदौर, उज्जैन, देवास, रतलाम, मंदसौर, नीमच, धार, शाजापुर और आगर-मालवा सहित ग्वालियर, मुरैना, भिंड, दतिया, गुना और शिवपुरी जिलों में मौसम साफ से आंशिक बादल वाला रहेगा। यहां वर्षा की संभावना बहुत कम है और दिन के तापमान में धीरे-धीरे वृद्धि होकर 33 से 35 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है। खरगोन, खंडवा, बड़वानी और बुरहानपुर जिलों में मौसम शुष्क रहेगा तथा तेज धूप के कारण अधिकतम तापमान 34 से 36 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है। मौसम विभाग के अनुसार 9 मार्च से एक नया पश्चिमी विक्षोभ पश्चिमी हिमालय क्षेत्र को प्रभावित कर सकता है, जिसके कारण उत्तर भारत में मौसम में बदलाव संभव है। इसका हल्का प्रभाव मध्यप्रदेश के उत्तर-पश्चिमी हिस्सों में बादलों की बढ़ोतरी के रूप में देखने को मिल सकता है।

# तिंछाफाल में हादसा: खाई में गिरे दो युवकों की मौत

- आधी रात को तीन युवक मना रहे थे पार्टी
- शवों को क्रेन की मदद से पुलिस ने निकाला बाहर

**इंदौर।** पिकनिक स्थल तिंछाफाल पर फिर एक हादसा हो गया, जिसमें दो युवक खाई में गिर गए। दोनों के शवों को पुलिस ने ग्रामीण और क्रेन की मदद से बाहर निकाला। बताते हैं कि ये दोनों एक अन्य युवक के साथी के साथ रात तीन बजे खाई किनारे बैठकर पार्टी कर रहे थे। इस दौरान संतुलन बिगड़ा और एक युवक गिरा और उसे बचाने में दूसरा युवक भी खाई में चला गया। तीसरे युवक ने खाई में गिरते देख शोर मचाया लेकिन रात होने से उसकी आवाज सुनने वाला कोई नहीं था। इसके बाद वह पुलिस के पास मदद के लिए गया।

जो दो युवक खाई में गिरे उनमें एक मंडी का व्यापारी था और दूसरा वाटर प्लांट पर काम करता था। वाटर प्लांट का मालिक भी इनके साथ था। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि पार्टी करने के दौरान युवकों का संुतलन बिगड़ा और वह नीचे गिर गए। हालांकि परिजनों ने हत्या की आशंका भी जताई है। पुलिस फिलहाल सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

सिमरोल थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि घटना की सूचना अभिनव पिता नारायण पाठक (31) निवासी स्कीम नंबर 114, विजय नगर ने दी थी। अभिनय ने पुलिस को बताया कि उनका देवास नाका क्षेत्र में एसएस-1 आरओ चिल्ड वाटर प्लांट है। शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात वह मंडी व्यापारी अशोक पिता शंकरलाल निवासी ग्राम र लायता गौतमपुरा और साथी सुमित निवासी राजीव विहार के साथ तिंछाफाल घूमने गए थे। रात करीब 3 से 4 बजे के बीच तीनों खाई के किनारे बैठकर शराब पी रहे थे। इसी दौरान अशोक और सुमित ि का संतुलन बिगड़ गया और दोनों गहरी खाई में गिर गए। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों और क्रेन की मदद से दोनों युवकों को खाई से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने पंचनामा बनाकर दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# इंदौर में रंगपंचमी पर पहली बार हेलिकॉप्टर से गेर पर होगी फूल-गुलाल की वर्षा, कांग्रेस के पूर्व विधायक करेंगे स्वागत

**इन्दौर।** इंदौर की रंगपंचमी गेर इस बार एक नई वजह से चर्चा में है। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव, उत्तर प्रदेश के सह प्रभारी और पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल ने कहा है कि वे विशेष हेलिकॉप्टर के जरिए गेर में शामिल हुरियारों पर फूलों और गुलाल की वर्षा करेंगे।शहर में यह पहली बार होगा जब गेर के दौरान इस तरह आसमान से स्वागत किया जाएगा।घोषणा के बाद गेर की तैयारियों और पारंपरिक स्वरूप पर चर्चा तेज हुई है, क्योंकि इंदौर में रंगपंचमी का यह आयोजन सिर्फ त्योहार नहीं, बल्कि सामूहिक भागीदारी का बड़ा सार्वजनिक उत्सव माना जाता है। हर साल बड़ी संख्या में लोग इसमें शामिल होते हैं और शहर के कई हिस्सों में रंगों का जुलूस निकलता है। हेलिकॉप्टर से पुष्प और गुलाल वर्षा की घोषणा पटेल ने कहा कि इस बार गेर में भाग लेने वाले लोगों का स्वागत अलग तरीके से किया जाएगा। उनके अनुसार, यह कदम किसी राजनीतिक कार्यक्रम की तरह नहीं, बल्कि इंदौर की परंपरा के सम्मान के रूप में देखा जाना चाहिए गेर इंदौर की आत्मा है। यह हमारी पहचान और परंपरा है। इस बार हम हेलिकॉप्टर से पुष्प वर्षा कर इस गौरवशाली उत्सव का सम्मान करेंगे और इंदौर की जनता के प्रति अपना प्रेम प्रकट करेंगे। यह अपनी तरह का पहला स्वागत होगा, जो इस उत्सव के उत्साह को दोगुना कर देगा।

उनके बयान में यह भी स्पष्ट किया गया कि लक्ष्य गेर की ऐतिहासिक पहचान को बड़े प्रतीकात्मक तरीके से सामने लाना है।क्यों खास है इंदौर की गेरइंदौर की गेर को लंबे समय से शहर की सामाजिक समरसता की पहचान माना जाता है। रंगपंचमी पर निकलने वाले इस आयोजन में जात-पात और ऊंच-नीच से ऊपर उठकर लोग साथ आते हैं। यही वजह है कि इसे स्थानीय सांस्कृतिक जीवन का केंद्र भी माना जाता है इतिहासकारों और स्थानीय परंपरा से जुड़े लोगों के अनुसार, गेर की शुरुआत रियासत काल में होलकर राजवंश के समय हुई थी। समय के साथ इसका स्वरूप बड़ा हुआ और यह शहर की सार्वजनिक पहचान का हिस्सा बन गया।सांस्कृतिक धरोहर के रूप में मान्यता की कोशिश गेर को व्यापक सांस्कृतिक पहचान दिलाने की दिशा में प्रयास पहले से जारी हैं। इस परंपरा को यूनेस्को की सांस्कृतिक धरोहर सूची में शामिल कराने की पहल भी चल रही है। ऐसे में इस बार हेलिकॉप्टर से प्रस्तावित पुष्प और गुलाल वर्षा को कई लोग गेर की दृश्यात्मक प्रस्तुति का नया आयाम मान रहे हैं फिलहाल, मुख्य संदेश यही है कि इंदौर की पारंपरिक गेर इस बार भी सामूहिक भागीदारी के साथ निकलेगी, लेकिन इसमें आसमान से होने वाला स्वागत एक नया अध्याय जोड़ेगा।

# टूर पैकेज के नाम पर ठगी करने वाले पकड़ाए

**लोगों को सस्ते टूर पैकेज का लालच देकर करते थे वारदात**

**इंदौर।** क्राइम ब्रांच ने टूर एंड टूरिज्म के नाम पर फर्जीवाड़ा करने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है। यह गैंग 'ब्लू माउंटेन टूरिज्म' नामक कंपनी के नाम का सहारा लेकर लोगों को सस्ते टूर पैकेज का लालच देती थी और उनके क्रेडिट कार्ड के माध्यम से अनाधिकृत ट्रांजेक्शन कर ठगी को अंजाम देती थी। पुलिस ने इस मामले में गुजरात सूरत के चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि गिरोह के दो अन्य सदस्य अभी फरार हैं।

ठगी का खुलासा तब हुआ जब एक पीड़ित ने डीसीपी क्राइम ब्रांच कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई। आवेदक के अनुसार जुलाई 2025 में इन जालसाजों ने उन्हें सस्ता टूरिज्म पैकेज देने का झांसा दिया और प्रक्रिया के नाम पर उनके क्रेडिट कार्ड से ट्रांजेक्शन कर दिए। बाद में पता चला कि आरोपियों ने आवेदक के कार्ड पर उनकी अनुमति के बिना करीब एक लाख रुपये की ईएमआई करवा दी थी, जब पीड़ित को कोई पैकेज नहीं मिला और बैंक से किस्तों के मैसेज आने लगे तब उन्हें अपने साथ हुई धोखाधड़ी का अहसास हुआ। क्राइम ब्रांच की इन्वेस्टिगेशन टीम ने आधुनिक साइबर तकनीक और मुखबिरों की सूचना के आधार पर पैसों के ट्रांजेक्शन के रास्तों को ट्रेस किया।

जांच में पता चला कि यह गिरोह संगठित होकर अलग-अलग शहरों में फर्जी टूरिज्म कंपनियां चला रहा है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी आकाश, रिजवान, शाहिद और जुनेद सभी निवासी सूरत को गिरफ्तार कर लिया है। गिरोह के दो अन्य सदस्य भाविक और कपिल अभी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं, जिनकी तलाश में टीमें भेजी गई हैं।

# महिला के घर में घुसकर चाकू की नोक पर मारपीट

**पुलिस ने बदमाशों को किया गिरफ्तार; निकाला जुलूस**

**इंदौर।** चंदन नगर क्षेत्र में एक महिला के घर में घुसकर बदमाशों ने हथियार की नोक पर मारपीट की। इस मामले में चंदन नगर पुलिस ने शुक्रवार को ही बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। रात में उनका इलाके में जुलूस भी निकाला गया। टीआई तिलक करोले के मुताबिक, नसीब बी और सिद्दीक पठान ने थाने आकर शिकायत की कि कुख्यात गुंडा सादिक काला पिता गुलफाम, निवासी सहयोग नगर, अपने साथी अज्जू बाटला और फैयाज के साथ उनके घर में घुस आया और चाकू की नोक पर मारपीट की। पुलिस के अनुसार नसीम बी (45) निवासी रानी पैलेस, बरकती मस्जिद के पास ने शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि वे पिछले तीन महीने से अपने मायके में माता-पिता के साथ रह रही हैं। 5 मार्च की रात करीब 10.30 बजे वे अपनी मां अख्तर बानू, भाभी हीना और भतीजे अयान के साथ घर पर थीं।

**5 लाख रुपए की मांग**

इसी दौरान सादिक, फैयाज मंसूरी और अज्जु उर्फ वटला जबरन दरवाजा लात मारकर घर में घुस आए। शिकायत के अनुसार सादिक के हाथ में चाकू था और उसने धमकी देते हुए कहा कि अगर उनके भाई इमरान को इलाके में काम करना है तो 5 लाख रुपये देने होंगे। जब परिवार ने इतनी बड़ी रकम देने में असमर्थता जताई तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। चंदननगर थाना पुलिस ने सादिक सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया और आरोपियों को पकडकर उनका जुलूस निकाल दिया। टीआई के अनुसार, सादिक काला पर पहले से हत्या का मामला दर्ज है और उसके खिलाफ कुल 14 आपराधिक मामले दर्ज हैं। वहीं उसके साथियों पर भी अन्य गंभीर अपराध दर्ज हैं।

# देखभाल के लिए रखा युवक ही निकला चोर!

**बुजुर्ग के घर से नकदी, जेवर और बैंक से 90 हजार रुपये गायब**

**इंदौर।** लसुड़िया थाना क्षेत्र स्थित महालक्ष्मी नगर में एक बुजुर्ग के घर में काम करने वाले युवक पर चोरी का आरोप लगा है। बुजुर्ग ने शिकायत में बताया कि देखभाल के लिए रखे गए युवक ने ही घर से नकदी और सोने की अंगूठी चुरा ली तथा बैंक खाते से भी पैसे निकाल लिए। पुलिस के अनुसार 75 वर्षीय योगेन्द्र कुमार विजयवर्गीय निवासी सेक्टर-आर महालक्ष्मी नगर ने शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि फरवरी 2026 से अपने घर में देखभाल के लिए दीपेश यादव नामक युवक को रखा था, जो मूल रूप से ललितपुर (उत्तर प्रदेश) का निवासी है और वर्तमान में बंगाली चौराहा क्षेत्र में रहता था। शिकायतकर्ता के मुताबिक 5 मार्च को जब उन्होंने अपने एसबीआई बैंक खाते की जांच की तो पाया कि 24 और 25 फरवरी को एटीएम के माध्यम से छह ट्रांजेक्शन में करीब 70 हजार रुपये निकाले गए हैं, जबकि यूपीआई के जरिए भी 20 हजार रुपये ट्रांसफर किए गए हैं। इसके बाद जब उन्होंने घर में रखी अलमारी की जांच की तो उसमें रखे 25 हजार रुपये नकद, पत्नी की अलमारी में रखे 70 हजार रुपये और करीब 10 ग्राम वजन की सोने की अंगूठी भी गायब मिली। बुजुर्ग को संदेह है कि घर में काम करने वाले दीपेश यादव ने ही यह चोरी की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है।

**ट्रैफिक सिग्नल की 3 बैटरियां चोरी, पुलिस जांच में जुटी** - विजयनगर थाना क्षेत्र में स्थित न्यायनगर चौराहे पर लगे पोर्टेबल ट्रैफिक सिग्नल से तीन बैटरियों की चोरी के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, नंदानगर निवासी अम्बर ओसवाल ने शिकायत दर्ज कराई है कि 21 फरवरी की सुबह सूचना मिली कि न्यायनगर चौराहे पर लगा पोर्टेबल ट्रैफिक सिग्नल बंद पड़ा है। वे मौके पर पहुंचे और सिग्नल व बैटरी की जांच की। जांच के दौरान पाया गया कि सिग्नल में लगी एक्साइड कंपनी की एसएमएफ (बिना पानी वाली) 75 एएच क्षमता की तीन बैटरियां गायब थीं। अज्ञात बदमाश सिग्नल में लगी बैटरियों को चुराकर ले गए हैं, जिससे ट्रैफिक सिग्नल भी बंद हो गया।

**अलमारी तोडकर सोने-चांदी के जेवरात ले उड़े बदमाश** -इसी प्रकार विजयनगर थाना क्षेत्र में सूने मकान को निशाना बनाकर अज्ञात बदमाशों द्वारा चोरी की वारदात को अंजाम दिया और अलमारी का ताला तोड़ते हुए उसमें रखे सोने-चांदी के जेवरात लेकर फरार हो गए। पुलिस के अनुसार 68 वर्षीय रश्मि केसरी निवासी स्कीम नंबर-54 ने इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि 6 मार्च को उनकी बेटी मोनल वर्मा का फोन आया, जिसमें बताया गया कि घर की अलमारी खुली हुई है और सामान बिखरा पड़ा है। सूचना मिलने के बाद रश्मि केसरी दोपहर करीब 3 बजे भोपाल से इंदौर पहुंचीं और घर की जांच की। इस दौरान पाया गया कि कमरे के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था और अलमारी का लॉक भी खुला हुआ था। अलमारी के अंदर रखे पुराने इस्तेमाल के सोने-चांदी के जेवरात गायब थे। प्राथमिक जांच में आशंका है कि बदमाश घर के मेन गेट के ऊपर से कूदकर अंदर घुसे और वारदात को अंजाम दिया।

**यहां भी सूने मकान का ताला तोड़कर वारदात** - उधर, हीरानगर थाना क्षेत्र स्थित वीणा नगर में सूने मकान को निशाना बनाकर चोरी की वारदात सामने आई है। पुलिस के अनुसार वीणा नगर निवासी 47 वर्षीय कल्पना श्रीखंडे ने इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि 2 मार्च की रात करीब 12.30 बजे से सुबह 6 बजे के बीच अज्ञात बदमाश उनके मकान का ताला तोडकर अंदर घुस गए। आरोपियों ने अलमारी को खंगाला और उसमें रखे सोने-चांदी के जेवरात चुरा लिए। चोरी हुए सामान में उनके पति की सोने की चेन और बेटी की सोने की चेन भी शामिल है।

# कैलाश विजयवर्गीय का तंज, 'आजकल चार लोग पीछे आ जाएं तो कॉलर खड़ी हो जाती है', संत नागर की सादगी पर हुए कायल

**इन्दौर।** कथावाचक संत कमल किशोर नागर की कथा के दौरान प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय भी पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने मंच से संत कमल किशोर नागर की प्रशंसा करते हुए कहा कि मालवा की धरती सच में धन्य है, जहां इतने बड़े संत निवास करते हैं।उन्होंने कहा कि संत कमल किशोर नागर ने अपनी ओजस्वी वाणी से न केवल मालवा बल्कि पूरे देश में धर्म जागरण का कार्य किया है।मालवा में रहना सौभाग्य की बात मंच से संबोधित करते हुए मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि हम सभी का यह बड़ा सौभाग्य है कि हम मालवा में रहते हैं और यहां ऐसे संत का सान्निध्य मिलता है, जिन्होंने अपने प्रवचनों के माध्यम से समाज



में धर्म के प्रति जागरूकता बढ़ाई है। उन्होंने कहा कि संत कमल किशोर नागर ने सिर्फ अपने शब्दों से ही नहीं बल्कि अपने कार्यों से भी समाज को प्रेरित किया है। उन्होंने मध्य प्रदेश के अलग-अलग स्थानों पर गोशालाओं की स्थापना कर गौ-सेवा का एक उदाहरण प्रस्तुत किया है।संत कमल किशोर में आज भी विनम्रता विजयवर्गीय ने कहा कि यह मालवा वासियों के लिए गर्व की बात है कि इतने बड़े संत होने के बावजूद संत कमल किशोर नागर में आज भी वही विनम्रता है जो कई साल पहले देखने को मिली थी। उन्होंने अपने पुराने अनुभव को साझा करते हुए कहा कि करीब 25 साल पहले सांवेर में उन्होंने पहली बार संत कमल किशोर नागर की कथा सुनी थी और उस समय जो सादगी और विनम्रता उनके व्यक्तित्व में थी वही आज भी दिखाई देती है। नहीं तो जरा सी कथा चालू करी और चार लोग आने लग गए तो कॉलर खड़ी हो जाती है उन्होंने कहा कि विनम्रता तभी आती है जब ईश्वर की विशेष कृपा होती है और जो व्यक्ति ईश्वर से साक्षात्कार कर लेता है उसका जीवन सफल हो जाता है। अपने संबोधन में कहा कि आज की युवा पीढ़ी कई बार भटकाव की ओर जा रही है और ऐसे समय में संतों का मार्गदर्शन बहुत जरूरी हो जाता है विधर्मियों की बढ़ रही संख्या' मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि आज हमारे सामने एक अलग प्रकार की चुनौती है। हमारी युवा पीढ़ी दूसरी दिशा में जा रही है और उसे उस दिशा से रोकना जरूरी है। आने वाले समय में जिस तरह विधर्मियों की संख्या बढ़ती जा रही है और सनातन की संख्या कम होती जा रही है इस पर हमें विचार करना होगा हमें अपने दायित्व, कर्तव्य और एकता को याद रखते हुए सनातन के प्रति अपनी जिम्मेदारी के साथ समाज में काम करना पड़ेगा।

## आईटी पार्क के पास शराब की बड़ी खेप पकड़ी, लाखों की अवैध शराब जब्त

**इंदौर।** चंदननगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए लाखों रुपये की अंग्रेजी शराब जब्त की है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से भारी मात्रा में शराब और एक वाहन बरामद किया है। पुलिस के अनुसार सिंहासा आईटी पार्क गेट के पास शुक्रवार की रात कार्रवाई की गई। इस दौरान पवन देवड़ा (28) निवासी ग्राम नांदेड, तहसील तराना जिला उज्जैन को पकड़ा गया। आरोपी एक सुजुकी इको वाहन में बड़ी मात्रा में अंग्रेजी शराब ले जा रहा था। तलाशी के दौरान वाहन से विभिन्न ब्रांड की सैकड़ों क्वार्टर और बोतलें बरामद हुईं। इनमें आईकोनिक, रॉयल चैलेंजर्स, सिग्नेचर, ब्लेंडर्स प्राइड सहित कई ब्रांड की शराब शामिल है। इसके अलावा बड़ी मात्रा में बडवाइजर और किंगफिशर बीयर के केन भी मिले। पुलिस के अनुसार कुल 351.72 बल्क लीटर अंग्रेजी शराब और 180 लीटर बीयर जब्त की गई है। साथ ही करीब 4 लाख रुपये कीमत का वाहन भी जप्त किया गया। जब्त किए गए माल की कुल कीमत लगभग 9 लाख 60 हजार रुपये बताई जा रही है।

## महिला की मौत में बाइक चालक पर मामला दर्ज

**इंदौर।** किशनगंज थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार और लापरवाही से बाइक चलाने के कारण एक महिला की मौत का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार यह घटना महू-पीथमपुर रोड पर कल्पमार्ट के सामने हुई। बताया गया कि आरोपी कृष्ण कुमार पटेल (29) निवासी विष्णु कॉलोनी, पीथमपुर जिला धार अपनी हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल चला रहा था। आरोप है कि आरोपी बाइक को तेज गति और लापरवाही से चला रहा था। इसी दौरान बाइक के पीछे बैठी महिला गीताबाई अचानक संतुलन बिगड़ने से सड़क पर गिर गई। गिरने से उन्हें गंभीर चोटें आई। घटना के बाद महिला को उपचार के लिए ले जाया गया, लेकिन चोटों की गंभीरता के कारण उनकी मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। किशनगंज थाना पुलिस ने आरोपी कृष्ण कुमार पटेल के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच जारी है।

# आपके साथ हो गया फ्रॉड तब भी नो टेंशन, 25000 रुपये तक मुआवजा देगा आरबीआई

**नई दिल्ली एजेंसी।** इसी फरवरी महीने में भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने डिजिटल धोखाधड़ी में हो रही बढ़ोतरी के बीच ग्राहकों को धोखाधड़ी वाले ट्रांजैक्शन के लिए 25,000 रुपये तक की क्षतिपूर्ति देने की घोषणा की थी। बीते कुछ साल से साइबर फ्रॉड के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। स्कैमर लोगों की गाढ़ी कमाई एक झटके में उड़ा ले जाते हैं। हालांकि, ऐसे मामलों मे अब भारतीय रिजर्व बैंक ने मुआवजा देने की योजना बनाई है। मतलब जो पीड़ित है उसे शर्तों के साथ रिजर्व बैंक मुआवजा देगा। इस संबंध में आरबीआई एक प्रपोजल लेकर आया है। आइए डिटेल में इसके बारे में जान लेते हैं। दरअसल, इसी फरवरी महीने में भारतीय रिजर्व बैंक ने डिजिटल धोखाधड़ी में हो रही बढ़ोतरी के बीच ग्राहकों को धोखाधड़ी वाले ट्रांजैक्शन के लिए 25,000 रुपये तक की क्षतिपूर्ति देने की घोषणा की थी।




ग्राहक को जीवन में केवल एक बार ही क्षतिपूर्ति मिलेगी और वह भी तब जब धोखाधड़ी का कोई गलत इरादा न पाया जाए। रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा था- जब तक पीड़ित के साथ धोखाधड़ी होती है, चाहे वह स्वयं की गलती से हो या किसी और की गलती से, बिना कोई सवाल पूछे 25,000 रुपये का भुगतान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ग्राहकों की भागीदारी सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है और धोखाधड़ी की राशि का 15 प्रतिशत खाताधारक को वहन करना होगा, भले ही धोखाधड़ी 25,000 रुपये की सीमा से कम हो।

### किसे मिलेगा मुआवजा?

इस मुआवजा योजना को पात्र होने के लिए पीड़ित को धोखाधड़ी वाले लेनदेन की रिपोर्ट बैंक को और राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल या राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन के माध्यम से पांच कैलेंडर दिनों के भीतर करनी होगी।

### ग्राहक सुरक्षा नियमों में बदलाव का प्रस्ताव

आरबीआई ने डिजिटल बैंकिंग में ग्राहक सुरक्षा नियमों में व्यापक बदलाव प्रस्तावित किए हैं। ड्राफ्ट में अधिकृत इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग लेनदेन की परिभाषा का विस्तार किया गया है, जिसमें ओटीपी, पिन, सीवीवी, पासवर्ड या अन्य इलेक्ट्रॉनिक प्रमाणीकरण तंत्र जैसे प्रमाणीकरण विधियों के माध्यम से अनुमोदित भुगतान शामिल हैं। इस स्ट्रक्चर में उन मामलों को भी शामिल किया गया है जहां ग्राहकों को धोखे से वैध प्राप्तकर्ता बनकर धोखाधड़ी करने वालों को पैसे हस्तांतरित करने के लिए मजबूर किया जाता है या दबाव में लेनदेन को मंजूरी देने के लिए बाध्य किया जाता है। उच्च मूल्य की धोखाधड़ी के मामलों में, क्षतिपूर्ति 25,000 रुपये तक सीमित रहेगा। इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग ट्रांजैक्शन पर लागू होंगे।



# क्या अंटार्कटिका में होगी वाराणसी फिल्म की शूटिंग

## प्रियंका चोपड़ा ने दिया हिंट

फैंस फिल्म वाराणसी के बड़े स्तर पर फिल्माए जाने की बात पहले से जानते हैं, लेकिन हाल ही में प्रियंका ने जो कहा, उससे एक्साइटमेंट और बढ़ गई है। अब लोग ये सोच रहे हैं कि क्या फिल्म की शूटिंग अंटार्कटिका में होगी।

जब महेश बाबू ने प्रियंका की हाल ही में रिलीज हुई फिल्म द ब्लफ की तारीफ की और प्रियंका को 'टॉप फॉर्म' बताया, तो प्रियंका ने मजाकिया अंदाज में जवाब देते हुए लिखा, 'जल्द ही अंटार्कटिका में मिलते हैं।' प्रियंका की इस लाइन ने फैंस के मन में सवाल खड़े कर दिए कि क्या फिल्म की शूटिंग अंटार्कटिका में होगी।




### फैंस में बढ़ी एक्साइटमेंट


हालांकि प्रियंका ने सीधे यह नहीं कहा कि वाराणसी भारत की पहली फिल्म है जो अंटार्कटिका में शूट होगी। उन्होंने बस मजाक में 'अंटार्कटिका में मिलते हैं' लिखा- लेकिन इस एक लाइन ने यही कयास पैदा कर दिए हैं कि इस फिल्म का स्केल दुनिया भर में कितना बड़ा होगा और यह भारतीय सिनेमा की नई मिसाल बन सकती है।

### कब रिलीज होगी फिल्म?

'वाराणसी' फिल्म का निर्देशन एसएस राजामौली कर रहे हैं, जिन्हें दीपिका पादुकोण ने 'भारत के सबसे टैलेंटेड डायरेक्टर्स में से एक' बताया है। फिल्म में महेश बाबू लीड रोल में हैं और प्रियंका फीमेल लीड के तौर पर नजर आएंगी। फिल्म को आईमैक्स फॉर्मेट में शूट किया जा रहा है, जिससे यह बड़े स्क्रीन अनुभव के लिए तैयार की जा रही है। ऐसा बताया जा रहा है कि वाराणसी अप्रैल 2027 में रिलीज होगी।

### 'द ब्लफ' में नजर आई प्रियंका

प्रियंका फिलहाल फिल्म 'द ब्लफ' में नजर आ रही हैं, जो 26 फरवरी को ओटीटी पर रिलीज हो चुकी है। इस फिल्म में कार्ल अर्बन, इस्माइल क्रूज कॉर्डोवा, सफिया ओकले-ग्रीन, वेदांतेन नायडू भी अहम भूमिका निभा रहे हैं।



# तो भीषण गर्मी की मार झेलने वाले देशों में भारत होगा सबसे ऊपर, हालात होंगे बेकाबू

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जलवायु परिवर्तन और बढ़ते वैश्विक तापमान को लेकर ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के एक नए अध्ययन ने भारत के लिए खतरे की घंटी बजा दी है। अध्ययन के मुताबिक, अगर दुनिया का तापमान 2 डिग्री सेल्सियस बढ़ता है, तो भीषण गर्मी की मार झेलने वाले देशों में भारत सबसे ऊपर होगा। नेचर सस्टेनेबिलिटी जर्नल में प्रकाशित इस अध्ययन के अनुसार, साल 2050 तक दुनिया की लगभग 41 प्रतिशत आबादी (करीब 3.8 अरब लोग) भीषण गर्मी के साये में जीने को मजबूर होगी। साल 2010 में यह आंकड़ा महज 23 प्रतिशत था। शोधकर्ताओं का कहना है कि भारत की विशाल आबादी और पहले से ही गर्म जलवायु इसे बेहद संवेदनशील बनाती है। अध्ययन में कहा गया है कि वैश्विक स्तर पर तापमान बढ़ने से भारत जैसे देशों में हीट स्ट्रेस के कारण होने वाली मौतों का आंकड़ा बढ़ सकता है। अध्ययन के प्रमुख लेखक डा जीसस लिजाना के अनुसार, भारत में कूलिंग डिग्री डेज (गर्मी से बचने के लिए आवश्यक ऊर्जा) में भारी बढ़ोतरी होगी। इसका मतलब है कि आने वाले वर्षों में घरों और दफ्तरों को ठंडा रखने के लिए भारी मात्रा में बिजली और एयर कंडीशनर (एसी) की जरूरत पड़ेगी। ऑक्सफोर्ड की प्रोफेसर राधिका खोसला ने चेतावनी दी है कि तापमान में 1.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक की वृद्धि शिक्षा, स्वास्थ्य, खेती और विस्थापन पर अभूतपूर्व प्रभाव डालेगी। अधिक गर्मी के कारण फसलों के नुकसान और हीट-स्ट्रेस (गर्मी का तनाव) जैसी बीमारियों के बढ़ने का खतरा है।



वैज्ञानिकों का कहना है कि गर्मी का यह असर 1.5 डिग्री की सीमा पार करने से पहले ही दिखने लगेगा। अगले पांच वर्षों के भीतर ही लाखों घरों को कूलिंग सिस्टम की जरूरत पड़ सकती है, जिससे ऊर्जा की मांग और कार्बन उत्सर्जन दोनों बढ़ेंगे। भारत के अलावा नाइजीरिया, इंडोनेशिया, पाकिस्तान, बांग्लादेश और फिलीपींस जैसे अधिक आबादी वाले देश इस लिस्ट में सबसे ऊपर हैं। वहीं, ब्राजील और दक्षिण सूडान जैसे देशों में तापमान में सबसे तेज उछाल आने की आशंका है। अध्ययन में जोर दिया गया है कि सरकारों को जल्द से जल्द नेट जीरो उत्सर्जन की दिशा में कदम उठाने होंगे। साथ ही, शहरों के बुनियादी ढांचे और इमारतों को इस तरह से डिजाइन करना होगा कि वे बढ़ती गर्मी को झेल सकें और ऊर्जा की खपत को कम कर सकें। विशेषज्ञों का कहना है कि यह अध्ययन भारत जैसे विकासशील देशों के लिए एक वेक-अप काल है, जहां गर्मी अब केवल मौसम नहीं बल्कि एक सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट बनती जा रही है।

### जज बनना चाहती थी गुनिशा

# दिल्ली डबल मर्डर केसः अपनी ही बेटियों को मां ने क्यों मार डाला, सामने आई वजह

**दक्षिणी दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिणी दिल्ली में मालवीय नगर थाना क्षेत्र स्थित एफ ब्लाक में दो बहनों की हत्या की दर्दनाक घटना ने समूचे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया। इसके पीछे एक मां का लंबे समय से चल रहा मानसिक तनाव, पारिवारिक परिस्थितियां और आर्थिक समस्या से जूझता जीवन भी सामने आ रहा है।

वहीं, पुलिस अभी तक मामले की तह तक नहीं पहुंच सकी है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, वह भी कुछ सवालों की तह तक जाने का प्रयास कर रहे हैं, पर आरोपी महिला की हालत ठीक नहीं होने की वजह से उससे पूछताछ नहीं हो सकी है। संभव है कि महिला ने पहले दोनों बेटियों को नशीला पदार्थ दिया गया। फिर एक का मुंह तकिए से दबाकर तो दूसरी की गर्दन क्रेप बैंडेज से घोंट दिया। दोनों की मौत होने के बाद महिला ने भी खुदकुशी के लिए जहरीला पदार्थ खा लिया था, जिसकी वजह से उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। जानकारी के मुताबिक, बड़ी बेटी 32 वर्षीय राधिका दिव्यांग थी और मानसिक रूप से भी बीमार रहती थी। बीमारी के कारण वह आठवीं कक्षा से आगे पढ़ाई नहीं कर पाई। उसकी देखभाल और इलाज को लेकर मां सुनीता काफी समय से परेशान रहती थी। दिन-रात बेटी की चिंता और जिम्मेदारी ने धीरे-धीरे उस पर मानसिक दबाव बढ़ा दिया था। इसके अलावा पति सुधीर अरोड़ा के साथ भी सुनीता के रिश्ते सही नहीं चल रहे थे। वह अपने घर में ही पत्नी से अलग रहता था, जिसके चलते सुनीता मानसिक रूप से परेशान रहती थी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सुधीर ने अपने बयान में बताया है कि वह किसी काम से बाहर गया था। देरी होने के चलते वह बेटियों को फोन मिला रहा था। पर किसी ने उसका फोन नहीं उठाया, जिसके बाद उसने अपने घर आने वाली घरेलू सहायिका को फोन किया, जिसने बताया कि वह घर गई थी, लेकिन किसी ने गेट नहीं खोला तो वह वापस आ गई। इसके बाद सुधीर ने पहले पुलिस को फोन किया और खुद भी घर पहुंचा। जब पुलिस और सुधीर ने गेट तोड़कर घर में प्रवेश किया तो वहां दोनों बेटियों के शव थे और सुनीता बेसुध हालत में पड़ी हुई थी।

सूत्रों ने बताया कि जिस चार मंजिला इमारत में सुधीर का परिवार रहता है, उसमें पहले फ्लोर पर सुधीर की मां, दूसरे पर सुधीर का भाई अपने परिवार के साथ रहता है। जबकि सबसे ऊपर उसकी बहन अपने बेटे के साथ रहती है, वह अपने पति से अलग हो चुकी है। सुनीता की अपने ससुराल पक्ष के लोगों से संबंध ठीक नहीं थे, जिससे घर का माहौल अक्सर तनावपूर्ण बना रहता था। परिवार के लोगों के बीच बातचीत लंबे समय से बंद थी। घर की छोटी बेटी 28 वर्षीय गुनिशा ने पिछले वर्ष ही कानून में स्नातक की पढ़ाई पूरी की थी। वह एलएलएम की तैयारी कर रही थी। परिवार को उससे काफी उम्मीदें थीं और वह अपने भविष्य को लेकर भी योजनाएं बना रही थीं। गुनिशा अक्सर न्यायाधीश बनने की बात किया करती थी।

पड़ोसियों के अनुसार अरोड़ा परिवार करीब 60 वर्षों से इलाके में रह रहा था और शांत स्वभाव के लिए जाना जाता था। बड़ी बेटी राधिका विशेष जरूरतों वाली थी और घर पर ही रहती थी।

## दिल्ली पुलिस ने पकड़े पांच नाइजीरियाई नागरिक

**पश्चिमी दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिमी दिल्ली में द्वारका जिला पुलिस ने अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों के खिलाफ अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। फरवरी के महीने में, जिला पुलिस ने प्रभावी कदम उठाते हुए नाइजीरियाई मूल के 5 नागरिकों को पकड़ा, जिन्हें बाद में उनके देश वापस भेजने (निर्वासन) की प्रक्रिया पूरी की गई। द्वारका जिले के आपरेशन यूनिट और विभिन्न थानों का स्टाफ लगातार ऐसे विदेशी नागरिकों के बारे में खुफिया जानकारी जुटा रहा है, जो भारत में बिना वैध वीजा के रह रहे हैं। उपायुक्त कुशल पाल सिंह ने बताया कि यह अभियान संसाधनों के अवैध दोहन और सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। पुलिस की अलग-अलग टीमों ने क्षेत्र में औचक निरीक्षण और दस्तावेजों की जांच की, जिसके बाद उत्तम नगर पुलिस टीम ने 03 नाइजीरियाई नागरिकों को पकड़ा, जिन्हें डिपोर्ट कर दिया गया है। एंटी-नारकोटिक्स सेल ने 02 नाइजीरियाई नागरिकों को पकड़ा, जिन्हें उनके देश वापसी की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। वहीं, पकड़े गए विदेशी नागरिकों की पहचान नाइजीरिया निवासी मैथ्यू चिकवाडो ओनुवा, पाल ओन्येकाची एकवेन्जे, आयुगुझ एल्विस, क्रिस्टोफर उचेचुकवु कालू और जान न्नामदी ओकाफोर के रूप में हुई है। जांच में पाया गया कि ये सभी नागरिक बिना वैध वीजा के भारत में समय सीमा से अधिक रह रहे थे। इन्हें विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय के समक्ष पेश किया गया, जिसके बाद इनके निर्वासन के आदेश जारी किए गए। फिलहाल, इन सभी को संबंधित डिटेंशन सेंटर भेज दिया गया है, जहां से इन्हें इनके देश भेजने की औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं।

# मां के बीच-बचाव का बदला, दिल्ली में बेटे के सीने पर चाकू से हमला; मौत से मचा कोहराम

**पश्चिमी दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली मे दक्षिण पश्चिमी जिला के पालम थाना क्षेत्र के महावीर एन्क्लेव में होली की खुशियां उस वक्त मातम में बदल गई, जब एक मां द्वारा किया गया बीच-बचाव उनके बेटे की मौत का कारण बन गया। पुलिस ने इस हत्याकांड को सुलझाते हुए मुख्य नाबालिग आरोपी समेत तीन नाबालिगों को पकड़ा है और दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान महावीर एन्क्लेव निवासी 24 वर्षीय धर्मेंदर और 24 वर्षीय ओमकार के रूप में हुई है। इस मामले में मृतक 25 वर्षीय पुनीत यादव के पिता और मुख्य आरोपी के बयानों में अलग-अलग बातें सामने आई हैं, जिसकी पुलिस जांच कर रही है। मृतक पुनीत के पिता रामतार यादव का कहना है कि होली की शाम उनकी पत्नी प्रेम मती ने लड़कों के दो गुटों को लड़ते देख बीच-बचाव किया था। इसी बात की रंजिश रखते हुए एक गुट जिसमें आरोपित थे ने रात में हमला किया था। वहीं, पकड़े गए मुख्य आरोपित नाबालिग ने पूछताछ में अलग दावा किया है। उसने पुलिस को बयान दिया है कि कि उसकी पुनीत के साथ किसी बात को लेकर बहस हुई थी, जिसमें पुनीत ने उसे चिढ़ा दिया था। इसी चिढ़ाने का बदला लेने के लिए उसने अपने साथियों के साथ मिलकर पहले शराब पी और फिर वारदात को अंजाम दिया। मृतक के पिता का आरोप है कि रात करीब 9 बजे 15 से 20 लड़कों की भीड़ ने पुनीत के घर पर धावा बोल दिया। आरोपितों ने दरवाजा पीटकर शोर मचाना शुरू किया। मां प्रेम मती ने जैसे ही दरवाजा खोला, आरोपी उनके साथ बदतमीजी करने लगे। शोर सुनकर पिता रामोतार और उनके पीछे पुनीत भी वहां आ गया। इसी गहमागहमी और संघर्ष के दौरान आरोपियों ने पुनीत पर हमला कर दिया।

# ट्रंप की हत्या की साजिश करने वाला पाकिस्तानी व्यक्ति दोषी करार

**वाशिंगटन, एजेंसी।** न्यूयार्क की अदालत ने एक पाकिस्तानी नागरिक को डोनाल्ड ट्रंप और अन्य अमेरिकी नेताओं की हत्या की साजिश रचने का दोषी पाया है। वह ईरानी सेना के इशारे पर काम कर रहा था। उसने कासिम सुलेमानी की मौत का बदला लेने के लिए यह योजना बनाई थी। न्यूयार्क में एक पाकिस्तानी व्यक्ति को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और अन्य नेताओं की हत्या की साजिश रचने का दोषी पाया गया है। इस व्यक्ति के संबंध ईरान से हैं। उसने यह साजिश ईरानी कमांडर कासिम सुलेमानी की मौत का बदला लेने के लिए रची थी। सुलेमानी की मौत साल 2020 में एक अमेरिकी हमले में हुई थी। मामले में 48 साल के आसिफ रजा मर्चेंट को शुक्रवार को ब्रुकलिन की अदालत में दोषी ठहराया गया। एक फेडरल जूरी ने उसे भाड़े पर हत्या करने और आतंकवाद फैलाने की कोशिश का अपराधी माना। मर्चेंट को अब उम्रकैद की सजा हो सकती है। अमेरिकी अटॉर्नी जनरल पामेला बोंडी ने बताया कि मर्चेंट खास तौर पर ट्रंप को मारने के इरादे से अमेरिका आया था। अमेरिकी न्याय विभाग के अनुसार, मर्चेंट 'इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स' (आईआरजीसी) का एक प्रशिक्षित एजेंट था। उसने अदालत में माना कि साल 2024 में आईआरजीसी ने उसे राजनीतिक हत्याओं का इंतजाम करने के लिए अमेरिका भेजा था। उसके निशाने पर ट्रंप के अलावा पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन और निक्की हेली भी हो सकते थे। मर्चेंट ने स्वीकार किया कि उसका मुख्य लक्ष्य ट्रंप ही थे। मर्चेंट अप्रैल 2024 में अमेरिका पहुंचा था। जून में वह कुछ लोगों से मिला जिन्हें वह हत्यारा समझ रहा था। असल में वे न्यूयार्क पुलिस के अंडरकवर अधिकारी थे। जुलाई 2024 में देश छोड़ने से पहले ही पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पामेला बोंडी ने कहा कि यह आदमी ट्रंप को मारने की उम्मीद में आया था, लेकिन उसका सामना अमेरिकी कानून की ताकत से हुआ। एफबीआई के अनुसार, मर्चेंट ने ईरानी शासन के कहने पर अमेरिकी नेताओं की हत्या की योजना बनाई थी। यह लोकतंत्र पर हमला करने की एक नाकाम कोशिश थी। मर्चेंट ने 2022 के अंत में आईआरजीसी के लिए काम करना शुरू किया था। वहां उसने जासूसी और निगरानी की ट्रेनिंग ली थी। इसके बाद उसे अमेरिका में नए लोगों को भर्ती करने के लिए भेजा गया। मर्चेंट ने गवाही दी कि उसे सुलेमानी की मौत का बदला लेने का काम सौंपा गया था।



### ● केपी शर्मा ओली और गगन थापा जैसे बड़े नेता भी चुनावी मैदान में हैं

# राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी ने 28 सीटें जीतीं और 90 पर बढ़त; बालेन शाह जीत के करीब

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल में पांच मार्च को हुए मतदान के बाद अब मतगणना हो रही है। नेपाल के आम चुनाव के शुरुआती परिणाम सियासी समीकरण बदलने के संकेत दे रहे हैं। शुरुआती आंकड़ों में बालेन शाह की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी पारंपरिक दलों को कड़ी चुनौती देती दिख रही है। करीब 60 फीसदी मतदान के बीच केपी शर्मा ओली और गगन थापा जैसे बड़े नेता भी चुनावी मैदान में हैं। नेपाल के आम चुनाव में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी ने बढ़त बनाई हुई है। पार्टी ने अब तक 28 सीटें जीतीं और कुल 90 सीटों पर बढ़त बनाए रखी है, जिससे पूर्व महापौर और रैपर बालेन' शाह जीत के बेहद करीब हैं। बालेंद्र शाह ने कुल 39,284 वोट हासिल किए, जो उनके प्रतिद्वंद्वी से 28,991 वोट अधिक हैं। काठमांडू घाटी में हुए चुनावों में पूर्व महापौर और रैपर बालेन शाह की पार्टी, राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (रास्वपा) ने शानदार जीत हासिल की है। यह जानकारी नेपाल निर्वाचन आयोग ने साझा की है। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के वरिष्ठ नेता और पीएम पद उम्मीदवार बालेन शाह ने सीपीएन-यूएमएल के



अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली पर अपनी बढ़त को और बढ़ा ली है। नवीनतम मतगणना के अनुसार शाह को 39,284 वोट मिले हैं, जबकि ओली को 10,293 वोट प्राप्त हुए हैं। जैसे-जैसे निर्वाचन क्षेत्र में मतगणना आगे बढ़ रही है बड़ा अंतर सामने आ रहा है।

ताजा अपडेट के अनुसार, आरसीपी 93 सीटों में आगे चल रही है, उसके बाद पूर्व प्रधानमंत्री ओली की पार्टी कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (यूनिफाइड मार्क्सिस्ट-लेनिनिस्ट) को एक सीट पर जीत और 13 सीटों में बढ़त हासिल है। जबकि नेपाली कांग्रेस 10 सीटों में आगे है। नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी (एनसीपी) नौ इलाकों में आगे चल रही है।

काठमांडू मेट्रोपॉलिटन सिटी के पूर्व मेयर बालेन शाह, ओली के पारंपरिक राजनीतिक गढ़ में प्रधानमंत्री पद के दो उम्मीदवारों के बीच मुकाबले में हैं। वोटों की गिनती के अनुसार शाह को 39,284 वोट मिले हैं, जबकि ओली को 10,293 वोट मिले हैं।

चुनाव आयोग के ताजा आंकड़ों के अनुसार, बालेन शाह की पार्टी (आरएसपी) अब तक 23 सीटें जीत चुकी है, जबकि 93 अन्य सीटों पर बढ़त बनाए हुए है। वहीं, पारंपरिक दलों में नेपाली कांग्रेस को 5 सीटें, नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी को 2 सीटें औरनेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी) को 1 सीट मिली है। बालेन शाह की पार्टी (आरएसपी) अब तक 18 सीटें जीत चुकी है।

# रंगपंचमी पर अवैध शराब पकड़ी, ड्राई डे पर आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई



**राजेश धाकड़**

इंदौर। रंगपंचमी के अवसर पर घोषित ड्राई डे के दौरान अवैध रूप से शराब बेचने वालों के खिलाफ आबकारी विभाग ने सख्त कार्रवाई करते हुए एक ऑटो से बड़ी मात्रा में देशी शराब जब्त की है। कलेक्टर शिवम् वर्मा के आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई कंट्रोलर देवेश चतुर्वेदी , डिप्टी कंट्रोलर मनोज अग्रवाल तथा सहायक जिला आबकारी अधिकारी प्रीती चौबे और R C डावर के नेतृत्व में की गई।

जानकारी के अनुसार उप निरीक्षक सुनील कुमार मालवीय को मुखबिर से सूचना मिली थी कि रेडिसन स्क्वायर इंदौर पर एक ऑटो से अवैध रूप से शराब बेची जा रही है। सूचना मिलते ही आबकारी वृत्त मालवा मिल-बी और छावनी की टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर ऑटो क्रमांक MP09 AM 5866 को पकड़ लिया। ऑटो में बैठे एक व्यक्ति की तलाशी लेने पर वाहन की डिक्की में दो गत्ते की पेटियां मिलीं। पेटियों की जांच करने पर उनमें 50 पाव देशी मदिरा मसाला और 50 पाव देशी मदिरा प्लेन भरी हुई पाई गई। टीम ने मौके पर ही समस्त शराब और ऑटो को जब्त कर लिया। आरोपी रोहन पिता मुकेश बावरे निवासी इंदौर के खिलाफ मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) (क) के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। जब्त की गई शराब और वाहन की कुल कीमत लगभग 1 लाख 9 हजार रुपये आंकी गई है। इस कार्रवाई में आरक्षक निहाल सिंह बुंदेला, अरविंद शर्मा, विपुल खरे, भगवानदास बिरला, विकास मंडलोई और विजय सोलंकी का सराहनीय योगदान रहा। आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब के खिलाफ आगे भी अभियान जारी रखने की बात कही गई है।

# प्रसव के दौरान टेबल से गिरी प्रसूता

## नवजात की हुई मौत प्रसूता को अंदरूनी चोट

**प्रदीप सिंह बघेल**

शहडोल जिले में स्वास्थ्य विभाग की लापरवाहिया कम होने का नाम नहीं ले रही है ताजा मामला जिला चिकित्सालय का सामने आया है। जानकारी के अनुसार जयसिंहनगर क्षेत्र के ग्राम सेमरा निवासी उमा साकेत को प्रसव पीड़ा होने पर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था । प्रसव के दौरान अचानक वह नवजात शिशु सहित लेबर टेबल से नीचे गिर गईं। इस हादसे में नवजात की मौत हो गई, जबकि प्रसूता को भी अंदरूनी चोटें आई हैं। घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल स्टाफ पर लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए हैं।

### अस्पताल व्यवस्थाओं को लेकर घेरे में

बताया जा रहा है कि शहडोल जिला स्वास्थ्य मंत्री के प्रभार वाला जिला है, इसके बावजूद यहां की स्वास्थ्य व्यवस्था लगातार सवालों के घेरे में रहती है। जिला अस्पताल में लापरवाही और पैसे लेकर इलाज करने के आरोप पहले भी सामने आते रहे हैं। शनिवार को लेबर रूम से सामने आई इस दर्दनाक घटना ने अस्पताल की व्यवस्थाओं पर फिर से सवाल खड़े कर दिए हैं।

### सुरक्षा का नहीं रखा ध्यान

पीड़िता के पति मुकेश साकेत का आरोप है कि प्रसव के दौरान लेबर रूम में सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया गया। उनका कहना है कि प्रसव के समय अचानक लेबर टेबल टूट गया, जिससे उमा साकेत और नवजात नीचे गिर गए। परिजनों का यह भी कहना है कि घटना के बाद अस्पताल स्टाफ ने उन्हें काफी देर तक प्रसूता से मिलने नहीं दिया। बाद में उमा साकेत को अचेत अवस्था में बाहर लाया गया और बताया गया कि मृत शिशु का जन्म हुआ है। वहीं वर्तमान में पीएनसी वार्ड में भर्ती उमा साकेत ने भी बताया कि प्रसव के दौरान टेबल टूटने से वह नीचे गिर गई थीं। हालांकि उन्हें गंभीर चोट नहीं आई, लेकिन गिरने से उनकी हालत बिगड़ गई थी। अस्पताल सूत्रों के अनुसार भी लेबर टेबल के क्षतिग्रस्त होने के कारण यह हादसा हुआ, जिससे प्रसूता और नवजात दोनों नीचे गिर पड़े।




### सिविल सर्जन डॉ. शिल्पी सराफ की सफाई

अस्पताल प्रबंधन ने इस मामले में लापरवाही से इनकार किया है। सिविल सर्जन डॉ. शिल्पी सराफ का कहना है कि उन्होंने स्वयं लेबर रूम का निरीक्षण किया है और टेबल टूटने जैसी कोई तकनीकी खराबी नहीं पाई गई। उनके अनुसार महिला का वजन अधिक होने के कारण प्रसव के दौरान संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे गिर गईं।

**साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि गर्भ में बच्चा आड़ा फंसा हुआ था, जो नवजात की मौत का कारण हो सकता है। फिलहाल इस घटना के बाद जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं और जिम्मेदारों की भूमिका पर सवाल उठने लगे हैं। मामले की सच्चाई जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगी।**

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कलेक्ट्रेट परिसर से स्कूटी रैली का हुआ आयोजन






**प्रदीप सिंह बघेल**

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट कार्यालय से स्कूटी रैली का आयोजन किया गया इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती प्रभा मिश्रा, विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने स्कूटी रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में महिलाओं और युवतियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्रीमती अमृता गर्ग, सदस्य जिला योजना समिति श्रीमती अमिता चपरा सहित विभागीय अधिकारी एवं महिलाएं उपस्थित रहीं। और कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दिया ।